भारत सरकार

मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय

मत्स्यपालन विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या- 4871

दिनांक 23 जुलाई, 2019 के लिए प्रश्न

विषय: कर्नाटक में मत्स्य पत्तन का विकास

4871. श्री बी॰वाई॰ राघवेन्द्रः

क्या मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या गत पांच वर्षों में कर्नाटक राज्य ने उडूपी जिले में बायडूर तालूक में मत्स्य पत्तन के विकास हेतु कोई प्रस्ताव भेजा है;
(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ग) केन्द्र सरकार द्वारा उक्त अवधि के दौरान उडूपी जिले में बायडूर तालुक में मत्स्य पत्तन के विकास हेतु कितने प्रस्ताव स्वीकृत किए गए हैं; और
(घ) उक्त हेतु कितनी केन्द्रीय सहायता स्वीकृत की गई है?

उत्तर

मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी राज्य मंत्री

(श्री प्रताप चन्द्र सारंगी)

(क) से (घ): मत्स्यपालन, पशुपालन एवं डेयरी मंत्रालय के अधीन मात्स्यिकी हेतु केन्द्रीय तटीय इंजिनियरिंग संस्थान (सी आई सी ई एफ), बैंगलोर, के द्वारा कर्नाटक सरकार के अनुरोध पर कर्नाटक के उडूपी जिले के बायडूर तालुका के उपाण्डा, मड़ीकेल में मत्स्य पत्तन के विकास हेतु तकनीकी आर्थिक व्यवहार्यता रिपोर्ट (टी ई एफ आऱ) को बनाने में राज्य सरकार को जरुरी सहायता मुहैया कराई गई । कर्नाटक सरकार ने विगत पांच वर्षो में उडूपी जिले के बायडूर तालुक में मत्स्य पत्तन के विकास हेतु भूमि उपलब्धता एवं पर्यावरण संबंधी अनुमति की पुष्टि के साथ कोई व्यवहार्य प्रस्ताव प्रस्तुत नहीं किया है ।

*****